RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 06 अप्रैल 2023 | वर्ष 04 | अंक 299 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## बेमौसम बारिश को महाराष्ट्र सरकार ने प्राकृतिक आपदा घोषित किया, नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र कैबिनेट ने बुधवार को किसानों के हित में ऐलान किया है। कैबिनट के कहा कि बेमौसम बारिश को प्रदेश में प्राकृतिक आपदा माना जाएगा। मुख्यमंत्री ऑफिस ने कहा कि बेमौसम बारिश को प्राकृतिक आपदा घोषित करने से उन किसानों को लाभ मिलेगा, जिनकी फसल बारिश की मार से खराब हो गई।

**नई रेत नीति को मंजूरी**

बुधवार को कैबिनेट की साप्ताहिक बैठक के बाद कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा कि अगर कम से कम पांच दिनों तक 10 मिमी की लगातार बारिश होती है और 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होगा, तो ही किसानों को लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने रेत की नीलामी को खत्म करते हुए एक नई रेत नीति को मंजूरी देने का फैसला किया है। फैसले के बाद, रेत सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण के 43.8 किमी रेल मार्ग को भी स्वीकृति दी है। बैठक में तय हुआ है कि मुंबई के देवनार डंपिंग ग्राउंड में कचरे से बिजली बनाने के लिए एक परियोजना शुरू की जाएगी। पिछले महीने महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी। विपक्ष ने भी मांग की थी कि राज्य सरकार किसानों को राहत दे।

# केंद्रीय मंत्री राणे ने लगाया बड़ा आरोप

## कहा- उद्धव ठाकरे ने मुझे मारने के लिए सुपारी दी



**महाराष्ट्र :** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे पर खुद को मरवाने के लिए सुपारी देने का आरोप लगाया। साथ ही कोरोना महामारी के दौरान दवाओं की खरीद में भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार ठहराया।

### मुझे कोई छू भी नहीं सकता

**राणे ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मुझे मारने के लिए सुपारी देने की कोशिश की थी। जिन लोगों को सुपारी दी गई उन्होंने खुद फोन करके बताया और मुझे इस बारे में चेतावनी दी थी। लेकिन उद्धव को ये नहीं पता था, कि जिन्हें वे सुपारी देने की कोशिश कर रहे वह मुझे छू भी नहीं सकते। जबकि वह पूर्व में मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार फैला रहे थे।**

### फडणवीस को बताया था बेकार सीएम

**गौरतलब है, यह बयान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बेकार मुख्यमंत्री कहे जाने के एक दिन बाद आया है। शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुट के कार्यकताओं द्वारा अपने धड़े की एक महिला कार्यकर्ता पर कथित रूप से हमला किए जाने के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'बेकार' गृहमंत्री बताया था।**

राणे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जब ठाकरे मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान दवाओं की खरीद में भ्रष्टाचार किया था। बता दें, साल 2019 से जून 2022 तक ठाकरे मुख्यमंत्री के पद पर रहे हैं।

## एयरलाइन की आइकॉनिक इमारत को खरीदने की कोशिश में महाराष्ट्र सरकार, 1600 करोड़ का दिया ऑफर



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार नरीमन प्वॉइंट पर एयर इंडिया की मशहूर इमारत खरीदने की तैयारी कर रही है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य सरकार इसे मंत्रालय के विस्तार के तौर पर विकसित करेगी. एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड इस इमारत की मालिक है. उसने सैद्धांतिक तौर पर 1600 करोड़ रुपये के ऑफर को मंजूर कर लिया है. कैबिनेट मंत्री ने उसे यह जानकारी दी है. हालांकि, राज्य सरकार ने यह साफ किया है कि वह डील को पूरा तभी करेगी, अगर केंद्र सरकार सभी दफ्तरों को खाली कर देती है और 100 फीसदी पजेशन देती है. राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने केंद्रीय सिविल एविएशन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से पिछले साल मुलाकात की थी और उन्हें महाराष्ट्र सरकार को प्राथमिकता देने की अपील की थी. राज्य सरकार के अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक या पफ्रक भी इमारत को खरीदने की दौड़ में है.

# महाराष्ट्र में अगले तीन दिन कैसा रहेगा मौसम

## इन इलाकों में गरज के साथ बारिश की संभावना...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मार्च के महीने में हुई बेमौसम बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है. इन बारिश और तूफानी हवाओं ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचा. किसान इससे जहां उबर रहे हैं वहीं मौसम विभाग ने एक बार फिर बेमौसम बारिश की संभावना जतायी है. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ के साथ-साथ रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है. पश्चिमी मानसून, खंडित हवाओं के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का मौसम बना हुआ है. इसलिए प्रदेश के ज्यादातर जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है. मध्य महाराष्ट्र और विदर्भ



के साथ ही शुक्रवार को रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में भी बारिश के आसार हैं. नासिक, अहमदनगर, पुणे में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना. भारतीय मौसम विभाग ने कोल्हापुर, सतारा, सांगली, सोलापुर, बीड, उस्मानाबाद में शनिवार तक अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है. विदर्भ में शुक्रवार तक अमरावती, बुलढाणा, चंद्रपुर, गढ़चिरौली,

### अप्रैल में कई हिस्सों में बारिश की आशंका

**अप्रैल के महीने में राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है. कल कई जिलों में बादल छाए रहे. मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को बेमौसम बारिश की संभावना है. गुरुवार को मुख्य रूप से कोल्हापुर, सतारा, सांगली, सोलापुर, परभणी, बीड, हिंगोली, नांदेड़, लातूर, उस्मानाबाद, गढ़चिरौली, वाशिम, यवतमाल में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश होने की संभावना है. कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी संभावना है.**

नागपुर, वर्धा, वाशिम और यवतमाल में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है.

## नवी मुंबई में देह व्यापार कर रहे गिरोह का पदार्फाश, 2 लोग गिरफ्तार

**ठाणे :** पुलिस ने यहां नवी मुंबई में देह व्यापार के एक गिरोह का पदार्फाश कर इस काम में कथित रूप से जबरन धकेली गईं दो महिलाओं एवं एक नाबालिग लड़की को बचा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अतुल अहेर ने बताया कि इस मामले में एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार शाम को वाशी इलाके में आभूषण की एक दुकान के पास जाल बिछाया, जहां दोनों आरोपी



पीड़ितों के साथ वहां पहुंचे थे। अहेर ने बताया कि पुलिस को देखते ही उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# रुकी हुई परियोजनाएं

सड़क परियोजनाओं पर अमल की निगरानी के लिए तकनीकी सलाहकार की नियुक्ति का फैसला समय की मांग है। यह सलाहकार लागत घटाने के लिए नई तकनीक और सामग्री के उपयोग के मामले में मंत्रालय को सलाह देने का कार्य करेगा। तकनीकी सलाहकार नियुक्त करने के फैसले का एक कारण सड़क निर्माण का लक्ष्य पूरा न हो पाना है। जब कोई परियोजना समय से पूरी नहीं होती तो उससे केवल उसकी लागत ही नहीं बढ़ती, बल्कि लोगों को समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।

सड़क परियोजनाएं अटकने के कई कारण हैं। कभी जमीन का अधिग्रहण कारण बनता है, कभी केंद्र और राज्य के बीच सहयोग का अभाव और कभी पर्यावरण संबंधी आपत्तियां। कभी-कभी कोई मामला अदालतों में पहुंच जाने के कारण भी अटक जाता है। कई परियोजनाएं तो ऐसी हैं, जो 80-90 प्रतिशत पूरी होने के बाद किसी कारण अटक गई हैं। कुछ माह पहले संसद में यह बताया गया था कि चार सौ से अधिक परियोजनाएं ऐसी हैं, जिनका 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन पांच प्रतिशत काम न हो पाने के कारण उन्हें लंबित परियोजनाओं में रखना पड़ा है। आशा की जाती है कि तकनीकी सलाहकार केवल यही नहीं देखेंगे कि सड़क परियोजनाएं समय पर पूरी हों, बल्कि वे उनकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही तकनीकी सलाहकार से यह भी अपेक्षित है कि वह सड़कों की डिजाइनिंग और इंजीनियरिंग पर भी ध्यान देंगे। अपने देश में एक बड़ी संख्या में राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे ऐसे हैं, जिनका निर्माण सही तरह से नहीं किया गया है। इसके चलते न केवल उनमें यातायात बाधित होता है, बल्कि वे दुर्घटनाओं के गवाह भी बनते हैं। यह ठीक नहीं कि जैसे-जैसे राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे बनते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सड़क दुर्घटनाओं में हताहत होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं। यह संख्या विश्व में सबसे अधिक है। यह इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि भारत में अन्य कई देशों के मुकाबले कहीं कम वाहन हैं।

वैसे तो मार्ग दुर्घटनाओं के कई कारण हैं, लेकिन इनमें एक कारण सड़कों की खराब डिजाइन भी है। इस खराब डिजाइन के कारण कई प्रमुख सड़कों में दुर्घटना बहुल क्षेत्र बन गए हैं। यह सही है कि सड़कों की खराब डिजाइनिंग को ठीक किया जा रहा है, लेकिन प्रश्न यह है कि उनका निर्माण ही सही तरह क्यों नहीं किया जाता? नि:संदेह आवश्यक केवल यह नहीं है कि सड़क परियोजनाएं समय से पूरी हों। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि रेल, पुल, बिजली, बांध जैसी परियोजनाएं भी समय से पूरी हों। इसके लिए आवश्यक हो तो अन्य मंत्रालयों को भी तकनीकी सलाहकार नियुक्त करने चाहिए। बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाएं समय से पूरी हों, इसकी जितनी चिंता केंद्र सरकार को करनी चाहिए, उतनी ही राज्यों को भी।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में आपदा मित्रो की सहायता से आपदाओं से निपटेगी मनपा




**मुंबई :** आपदाओं का शहर मुंबई होते जा रहा है। मनपा प्रशासन इस तरह की समस्याओ से निपटने के लिए आपदा मित्र तैयार किया है। मुंबई में लगभग एक हजार लोगो को मनपा ने प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र बनाया है जिनका उपयोग मुंबई में घटने वाली अप्रिय घटनाओ से निपटने के लिए किया जायेगा। आपदा मित्रों में पुलिस के होमगार्ड, कॉलेज के स्टूडेंट, सिविल डिफेन्स और अन्य वॉलिंटियर शामिल हैं। आपदा मित्रों को 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराया भत्ता देगी। वहीं राज्य सरकार की तरफ से 5 लाख का बीमा कवर भी मिलेगा।


मनपा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि आपदा मित्रों को सभी 24 वार्डों में तैनात किया जाएगा। इसकी लिस्ट मुंबई पुलिस, मुंबई फायर ब्रिगेड को दी जाएगी। आपातकाल में आम लोगों के फोन पर कभी-कभी गलत जानकारी मिल जाती है। आपदा मित्र जब पुलिस, फायर ब्रिगेड को फोन देगा तो वह पुख्ता जानकारी होगी। खबर कन्फर्म रहेगी इससे घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने में मदद मिलेगी। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी और स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की गाइडलाइन के अनुसार आपदा मित्रों की नियुक्ति की गई है। कई बैच में इन्हें परेल स्थित प्रशिक्षण सेंटर में प्रशिक्षित किया गया है। प्रत्येक की अलग-अलग बैच में 12 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि आपदा मित्र सिर्फ बारिश के मौसम में यह आपातकाल में ही नहीं बल्कि 12 महीने 24 घंटे लोगों की मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे। बारिश के मौसम और उसके बाद मुंबई में पुरानी और जर्जर हो चुकी इमारतों के गिरने की घटना ज्यादा सामने आती है। लैंडस्लाइड, नालों में उफान, कहीं-कहीं जलजमाव और लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। कई बार कोई नाले में गिर जाता है जहां जल्द से जल्द उसे बचाने की जरूरत होती है। ऐसे मौकों पर जब तक फायर ब्रिगेड या बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचने में देरी हो जाती है। आपदा मित्र पूरे मुंबई के विभिन्न स्थान के होने के कारण उन्हें घटना स्थल पर पहुंचने में आसानी होगी और लोगो को भी सहायता मिलेगी। आपदा मित्र 7 वीं क्लास पास होने चाहिए और उनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। साथ ही किसी एमबीबीएस डॉक्टर का प्रमाणित हेल्थ सर्टिफिकेट होना चाहिए। परेल प्रशिक्षण केंद्र में सभी 1000 आपदा मित्रों की 12-12 दिन ट्रेनिंग हुई। उसके बदले ट्रेवेल एलाउंस के तहत हमने 150 रुपये प्रतिदिन के आधार पर उन्हें 1800 रुपये दिए।

# सीसीटीवी के आधार पर चोर गिरफ्तार



**ठाणे :** राबोड़ी इलाके में डिलेवरी कराने आए व्यक्ति की मोटर साइकिल चोरी की घटना का पदार्फास करते हुए पुलिस के हफ्ता विरोधी दस्ते ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज के सहारे रिजवान इस्माइल शेख (28) को गिरफ्तार कर चोरी के तीन मामलों का पदार्फास किया है। शिकायतकर्ता अजीकुमार रवीन्द्रनाथ दत्ता (49) दिवा पूर्व का फूड होम डिलीवरी का बिजनेस है। वह 21 मार्च को सुबह 7 बजे के करीब राबोड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में डिलीवरी कराने आया। उस समय बाइक चोरी की घटना घटी थी। शिकायत दर्ज कराने के 9 दिन बाद तक चोर का पता नहीं चला। इस बीच हफ्ता विरोधी दस्ता और स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी। घटना स्थल के सीसीटीवी को महिला पुलिस अधिकारी और हफ्ता विरोधी के अधिकारी ने चेक किया।

# देह व्यापार का विज्ञापन देने वाले दो गिरफ्तार



**मुंबई :** ऑनलाइन विज्ञापन देकर देह व्यापार के लिए एक 16/17 साल की लड़की की फोटो और उसकी जानकारी ग्राहकों को भेजने वाले दंपति के खिलाफ कार्रवाई की गई । इसमें से तीन लड़कियों को बचा लिया गया। पकड़े गए आरोपी खुद को पति-पत्नी बता रहे हैं। अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम विभाग को जानकारी मिली कि नाबालिग लड़कियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की जा रही हैं और इस तरह ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अतुल अहेर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उसके बाद आरोपी दंपति से फर्जी ग्राहक बनकर सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया गया।

# पालघर तालुका में रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार



**पालघर :** जिले की पालघर तालुका में चहाडे, आल्याली, शिरगांव और मासवान के प्रभारी तलाठी महेश कुमार जनार्दन कचरे को सोमवार को पालघर में भ्रष्टचार निरोधक विभाग ने दस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एक मामले में कचरे ने जमीन खाताधारक का नाम बदलने के एवज में पंद्रह हजार की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने पालघर के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत की। पुलिस उपाधीक्षक नवनाथ जगताप, पुलिस निरीक्षक स्वपन विश्वास और विलास भोये, निशा मांजरेकर, नवनाथ भगत, दीपक सुमदा ने जाल बिछाया और तलाठी कचरे को पालघर के शुक्ला कंपाउंड इलाके में दस हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने का एहसास होने पर वह भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया।

# नालासोपारा में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नालासोपारा :** आचोले पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 मामलों का खुलासा भी किया है। जानकारी के अनुसार आचोले गांव संतोषी माता मंदिर के नजदीक का रहने वाला इरशाद मोहम्मद रफी सय्यद नामक व्यक्ति 26 मार्च को रात्रि लगभग 10:40 बजे के आसपास हाथ में फोन लिए पैदल आचोले गांव की ओर जा रहा था, जैसे ही



वह फिटनेस क्वीन जिम के पास पहुंचा, उसी दोरान बाइक से दो शख्स आए और इरशाद से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इरशाद की शिकायत पर आचोले पुलिस दोनों अज्ञात बाइकर्स के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही थी। इसी बीच क्राइम डिटेक्शन टीम ने मिली गुप्त सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर विनायक पद्मा पुजारी और जनक महावीर सिंह साऊद को धर दबोचा जांच के दौरान दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।




# फडणवीस का ठाकरे पर तीखा तंज!

## फडतूस नहीं कारतूस हूं मैं... गृह विभाग चलाना न सिखाएं

**नागपुर :** महाराष्ट्र से मिली बड़ी खबर के अनुसार, बीते मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सावरकर पर दिए गए बयान को लेकर बवाल मचा हुआ है। दरअसल महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में मंगलवार को 'वीर सावरकर गौरव यात्रा' निकाली गई। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर जोरदार तंज किए। गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस फालतू और लाचार गृहमंत्री बताया था। जिसका जवाब उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंगलवार (4 अप्रैल) को 'सावरकर गौरव यात्रा' के समापन दिवस के अपने भाषण के दौरान दिया।



### फडणवीस के ठाकरे को तीखे जवाब

वहीं देवेंद्र फडणवीस को फडतूस कहने के साथ-साथ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए एकनाथ शिंदे की सरकार को नपुंसक बताया था। बस इसी के जवाब में बीते मंगल्वार को देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, मैं भी नागपुरिया हूं। मुझे भी इससे नीचे जाकर बात करनी आती है। ढाई साल तक घर से बाहर नहीं निकलने वाले अब हमें गृह विभाग चलाना नहीं सिखाएं। दो मंत्रियों के जेल में जाने पर भी उसका इस्तीफा लेने की हिम्मत नहीं दिखाने वाले मुख्यमंत्री हमें तो बिल्कुल लाचार न बताएं, जिसके राज में पुलिस एक्सटॉर्शन करती रही, वो हमें गृह विभाग कैसे चलाना, यह भी न सिखाएं। मैं इस्तीफा तो नहीं दूंगा, लेकिन जो कायदे में नहीं रहेंगे, उनको जेल भेजने के लिए गृहमंत्री बना रहूंगा। आपकी मेहरबानी से मैं गृहमंत्री नहीं हूं। वहीं उन्होंने ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा था कि, उद्धव ठाकरे, फडतूस नहीं, कारतूस हूं मैं... याद रखना, झुकेगा नहीं, मैं तो सीधा

### फडणवीस को बताया था बेकार गृह मंत्री

**दरअसल उट एकनाथ शिंदे के खिलाफ ठाकरे गुट की एक महिला कार्यकर्ता (रोशनी शिंदे) ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट लिखा था। इसके बाद शिंदे की शिवसेना की महिला कार्यकर्ताओं ने बीते सोमवार को रोशनी शिंदे की पिटाई कर दी थी। वहीं मंगलवार को उद्धव ठाकरे उन्हें अस्पताल में देखने गए और फिर मीडिया से बात करते हुए कहा कि देवेंद्र फडणवीस से गृह विभाग नहीं संभल रहा है। उन्होंने फडणवीस से इस्तीफा देने को कहा था।**

## निर्माणाधीन इमारत की पानी की टंकी में डूबने से बच्चे की मौत



**भायंदर :** अपने परिवार के साथ नए घर का निरीक्षण करने गया आठ वर्षीय बालक की पानी की टंकी में गिरकर मौत हो गई. मृतक लड़के का नाम कौशल मिश्रा (8) है। बताया जाता है कि पीड़ित बच्चे के पिता उमेश कुमार मिश्रा अपने दो बेटे पीयूष व कौशल के साथ रामदेव पार्क, मीरा रोड स्थित नवनिर्मित सांवलिया एवेन्यू भवन की सातवीं मंजिल पर बने मकान का निरीक्षण करने गए थे. उसी समय उनका छोटा बेटा कौशल अपने परिवार को छोड़कर बिल्डिंग एरिया में गश्त करने लगा। उसे नहीं देख उमेश कुमार उसकी तलाश करने लगे। इस दौरान कौशल भवन के आंगन में खुले टैंक में बेहोशी की हालत में मिले।

# राकांपा ने शुरू की चुनाव की तैयारी

## शरद पवार की उपस्थिति में विभागीय शिविर



**मुंबई :** शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस ने आगामी चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में मंगलवार को पार्टी के प्रमुख नेताओं की बैठक राष्ट्रवादी भवन में हुई। इसमें पार्टी के आंतरिक चुनाव, पार्टी संगठन और विस्तार को लेकर चर्चा हुई। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए कई विभागीय नेताओं को नियुक्त किया गया। शरद पवार की उपस्थिति में एक दिवसीय विभागीय शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस बैठक में बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश राकांपा अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि पार्टी के तालुका, जिला स्तर के चुनाव आगामी एक या डेढ़ माह में पूरे हो जाएंगे। अप्रैल तथा मई माह में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा महाविकास आघाड़ी की सभा पहले से शुरू है। पहली सभा छत्रपति संभाजी नगर में हो चुकी है। दूसरी सभा नागपुर में होगी। पाटिल ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए राकांपा के प्रमुख नेताओं को जवाबदारी देकर काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है। राकांपा में पहली बार विभागीय स्तर के शिविर होंगे। हमारे पार्टी नेता दो महीने में सभी जिलों का दौरा करेंगे। यह पार्टी के विस्तार का कार्यक्रम है। उसी के अनुसार काम किया जाएगा।

ठाणे में ठाकरे गुट की महिला कार्यकर्ता से हुई मारपीट के बारे में जयंत पाटिल ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकार को धमकाया गया। यह जानकारी रोशनी शिंदे ने मीडिया को दी। इसी वजह से उनके साथ मारपीट की गई। महाराष्ट्र में ऐसी हिंसा कभी नहीं हुई। पुलिसकर्मी वैभव कदम की आत्महत्या के बारे में पाटिल ने आरोप लगाया कि उसे पुलिस स्टेशन में बुलाकर टॉर्चर किया गया। पीएम मोदी की डिग्री से संबंधित सवाल के जवाब में पाटिल ने कहा कि उनकी डिग्री देखकर उन्हें देश का प्रधानमंत्री पद नहीं मिला है, लेकिन यदि इस पर चर्चा हो रही तो संबंधितों को इसका उत्तर देना चाहिए। राकांपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के उप मुख्यमंत्री हैं, गृह मंत्री हैं, लेकिन उनके अधिकार में ठाणे शहर और जिला नहीं है। उन्होंने फडणवीस को चुनौती देते कहा कि वे 24 घंटे के भीतर एकाध पुलिस अधिकारी का तबादला ठाणे से राज्य के अन्य इलाके में करके दिखाएं, तब माना जाएगा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री में दम है।

# उद्धव ठाकरे को बावनकुले की चेतावनी

## तो उद्धव ठाकरे को घर से बाहर नहीं निकलने देंगे भाजपा कार्यकर्ता

**मुंबई :** ठाणे में उद्धव ठाकरे गुट की महिला के साथ हुई हिंसा मामले को लेकर राज्य की सियासत गर्म हो गई है.उद्धव ठाकरे इस पूरे मामले में जहाँ सरकार को घेरते हुए गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस का इस्तीफा माँगा है. वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा।मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बावनकुले ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस पर बयान देने वाले उद्धव ठाकरे अपनी मयार्दा भूल चुके है इसलिए इतने निचले स्तर पर जाकर बयानबाजी कर रहे है. अगर उन्होंने अपनी भाषा पर नियंत्रण नहीं किया तो भाजपा के कार्यकर्ता



उन्हें मातोश्री के बाहर नहीं निकलने देंगे। उद्धव ठाकरे पर आक्रमक होते हुए बावनकुले ने कहा कि उद्धव ठाकरे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की कभी भी बराबरी नहीं कर सकते।बावनकुले ने कहा कि यह उद्धव ठाकरे को भाजपा की आखिरी चेतावनी है. अगर उद्धव ठाकरे ने अगर फिर से अपनी मयार्दा लांघी तो हमें भविष्य में अपनी मयार्दा लांघनी पड़ेगी। देवेंद्र फडणवीस की बराबरी करने के लिए उद्धव ठाकरे की योग्यता नहीं है। उद्धव ठाकरे में बाला साहेब का यह गुण नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे को बेटे के रूप में छोड़ दिया जाए तो उनके पास न बालासाहेब के विचार हैं, न ही उनका हिंदुत्व है, न ही उनके पास कोई व्यक्तिगत उपलब्धियां हैं.सिर्फ बालासाहेब ठाकरे के बेटे के कारण लोग उनका सम्मान करते है.बावनकुले ने कहा कि उद्धव ठाकरे को अपनी मयार्दा में रहकर कोई बयान देना चाहिए अगर उन्होंने दोबारा निचले स्तर पर जाकर देवेंद्र फडणवीस के बारे में बयान दिया तो भाजपा के कार्यकर्ता उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने देंगे।

# महाराष्ट्र के रत्नागिरी से पकड़ा गया ट्रेन में आग लगाकर तीन की जान लेने वाला, ATS ने दबोचा

**महाराष्ट्र :** केरल के कोझिकोड में ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगाकर तीन लोगों की जान लेने वाले शख्स को महाराष्ट्र एटीएस ने पकड़ लिया है। बताया गया है कि आरोपी को महाराष्ट्र के रत्नागिरी से पकड़ा गया है। बताया गया है कि आरोपी की कस्टडी लेने के लिए केरल पुलिस की एक टीम भी रत्नागिरी पहुंच चुकी है। इससे पहले ट्रेन में आग लगाने के आरोपी की तलाश में रेलवे पुलिस के दो अधिकारी नोएडा भी पहुंचे थे। सूत्रों की मानें तो आरोपी नोएडा और हरियाणा का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं, एनआईए की टीम और आतंकवाद निरोधी दस्ता भी मामले की जांच में जुटे हैं। जांच टीम ने कल रेलवे ट्रैक के पास से एक बैग बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने संदिग्ध का स्केच तैयार किया है।




### यह है मामला

गौरतलब है, केरल में रविवार रात को कोझिकोड जिले के इलाथूर के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने सहयात्री पर पेट्रोल छिड़क कर चलती ट्रेन में आग लगा दी थी। इस घटना में कुल तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें एक मां-बेटी भी शामिल हैं। दोनों का शव एलाथुर रेलवे स्टेशन के करीब ट्रैक पर मिला था। इस घटना में करीब आठ लोग घायल भी हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना अलपुझा-कन्नूर मुख्य कार्यकारी एक्सप्रेस के डी1 डिब्बे में रात करीब 10 बजे हुई थी।

### यात्रियों ने दी थी सूचना

रेलवे सूत्रों के अनुसार, आपातकालीन चेन खींचे जाने के बाद धीमा होने पर आरोपी फरार हो गया था। जब ट्रेन कोझीकोड शहर को पार करने के बाद कोरापुझा रेलवे पुल पर पहुंची तो यात्रियों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचना देकर आग बुझाई।

# राहुल न तो सावरकर बन सकते हैं और न गांधी

# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बोले- सावरकर बनने के लिए कुर्बानी देनी पड़ती है



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सावरकर पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल न तो सावरकर बन सकते हैं और न ही गांधी। दरअसल, संसद की सदस्यता जाने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कहा था- मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगते। उपमुख्यमंत्री ने राहुल के इसी बयान पर जवाब दिया है। फडणवीस ने कहा कि सावरकर बनने के लिए कुर्बानी देनी पड़ती है। बता दें कि महाराष्ट्र के हर जिले में वीर सावरकर गौरव यात्रा निकाल रही है। मंगलवार को यात्रा नागपुर में थी। इसमें केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे। गडकरी ने भी राहुल पर सावरकर का अपमान करने का आरोप लगाया।

**फडणवीस बोले- एक रात टॉयलेट के कमरे में गुजार कर देखें**

यात्रा को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा-राहुल गांधी कहते हैं कि वह माफी नहीं मांगेंगे, वह सावरकर नहीं हैं। आप न तो सावरकर हो सकते हैं और न गांधी। सावरकर बनने के लिए कुर्बानी देनी पड़ती है। अंडमान जेल में उन्हें हमारे टॉयलेट जितने बड़े कमरे में ही रखा गया था। पूरा अंधेरा था। वे वहीं अपने नित्य कर्म भी करने को मजबूर थे। राहुल गांधी, एक रात के लिए उस कमरे में रहने की कोशिश करो। हम आपके लिए एसी लगवा देंगे, लेकिन आप नहीं रह पाएंगे।

**गडकरी ने राहुल का जताया आभार, कहा- सावरकर घर-घर ले जाने का मौका दिया**


नागपुर में यात्रा को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि राहुल गांधी ने वीर सावरकर का अपमान किया है। वीर सावरकर का अपमान करने से उनका कद छोटा नहीं हुआ, बल्कि उन्हें घर-घर ले जाने का अवसर मिला। हम राहुल गांधी के आभारी हैं कि उन्होंने हमें सच्चाई और सावरकर को घर-घर तक पहुंचाने का मौका दिया। राहुल गांधी को इसे जारी रखना चाहिए।

**मैं फड़तूस नहीं कारतूस हूं- फडणवीस**

उद्धव ठाकरे ने ठाणे में अपनी पार्टी की महिलाओं पर हुए हमले को लेकर शिंदे गुट पर हमला किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए गुंडा और देवेंद्र फडणवीस के लिए फड़तूस (बेकार) जैसे शब्द का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को जवाब दिया। उन्होंने फिल्म पुष्पा के डायलॉग में कहा- मैं फड़तूस नहीं कारतूस हूं। झुकेगा नहीं साला, घुसेगा। दरअसल, ठाणे में कुछ दिन पहले शिंदे गुट की महिला कार्यकर्ता ने उद्धव गट की कार्यकर्ता रोशनी शिंदे के साथ मारपीट की थी। रोशनी पर आरोप था कि उसने फेसबुक पर शिंदे सरकार के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट किया था। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्भवती रोशनी अपना इलाज करा रही थीं। इस दौरान उनके मना करने पर पेट पर लात मारी गई। ऐसे लोग ठाणे और महाराष्ट्र में रहने लायक नहीं है। ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि महिलाओं का इस्तेमाल करने वालों को नपुंसक कहना चाहिए।

# पालघर अवैध संबंधों में बाधा बना पति तो हैवान बनी पत्नी

## प्रेमी संग मिलकर दी खौफनाक मौत!




**वसई :** वसई इलाके में एक मजदूर की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर उसकी पत्नी को उसके प्रेमी सहित हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। वालीव पुलिस आगे की तहकीकात में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार,सुनील कुमार दुबे (26) वाघरालपाड़ा इलाके में पत्नी और बच्चे के साथ रहता था। 31 मार्च को सुनील का शव एक खदान में मिला था। इसके बाद आशंका जताई गई थी, कि शराब के नशे में सुनील खदान में गिर गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सुनील की हत्या की गई है।

इसके बाद पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। पुलिस को जांच में पता चला कि संजय कुमार प्रसाद (24) से सुनील की पत्नी गीता के प्रेम संबंध है। जिसके चलते सुनील और गीता में विवाद होते रहते थे। पुलिस ने दोनों को जब हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि संजय कुमार सुनील को शराब पिलाने के लिए वाघरालपाड़ा की एक पहाड़ी पर ले गया,वहां उसने शराब के नशे में सुनील को पहाड़ी से नीचे धक्का दे दिया। लेकिन इससे भी जब सुनील की मौत नही हुई तो आरोपी संजय ने रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस दोनो आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# मंत्रालय के सामने जहर पीकर आत्महत्या की कोशिश करने वाली महिला की मौत



**मुंबई :** मंत्रालय के सामने जहर पीकर आत्महत्या की कोशिश करने वाली पुलिसकर्मी की पत्नी संगीता डवरे का मंगलवार को मृत्यु हो गई. उनका इलाज ससून अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संगीता डवरे वही महिला है जिन्होंने पति के इलाज के संबंध में डॉक्टरों पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी.मांग पूरा न होने पर मंत्रालय के सामने जहर पीकर आत्महत्या की कोशिश किया था. उसके बाद वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया था.

क्या है पूरा मामला

संगीता के पति नवी मुंबई पुलिस में तैनात थे. ड्यूटी के दौरान उनका एक्सीडेंट हो गया था। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने उनका ठीक से इलाज नहीं किया. उसके बाद संगीता ने शिकायत की डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने सीधे मंत्री के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। संगीता के पति नवी मुंबई पुलिस फोर्स में कार्यरत थे। तभी पाम बिच रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने सीधे बेरिकेड्स को तोड़ते हुए संगीता के पति को टक्कर मार दी थी जिसके चलते वे बुरी तरह घायल हो गए थे. संगीता ने अपने शिकायत में कहा था कि कार चालक नशे में था। इसलिए कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए थी। लेकिन चालक के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई. पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई में गंभीरता नहीं दिखाई और कार चालक को जाने दिया। संगीता ने इस मामले में कड़ी कार्वाई करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाई थी। उन्होंने मामले पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जिसके बाद संगीता ने राज्य सरकार से न्याय की गुहार लगाने की कोशिश की. जिस पुलिस विभाग में उसका पति कार्यरत था उसे न्याय नहीं मिलता देख उसने आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी को भी सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। तो अंत में उन्होंने मंत्रालय के सामने जाकर खुद जहर खा लिया था. जिनका इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई.

# राज्य के ६० फीसदी शिक्षा संस्थानों ने नैक का मूल्यांकन नहीं कराया

**मुंबई :** महाराष्ट्र में शिक्षा व्यवस्था मकड़जाल में फंस गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र के बाद अब शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। एक दौर ऐसा आया था, जब मुंबई महानगरपालिका के स्कूलों में एडमिशन के लिए लाइन लग गई थी। फिलहाल, शिक्षाविदों ने उच्च शिक्षा पर ध्यान दिलाया है कि राज्य के ६० फीसदी शिक्षा संस्थानों ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) का मूल्यांकन ही नहीं कराया है। ऐसे में शिक्षा के स्तर में बदलाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। यह मामला बजट सत्र के दौरान जोर-शोर से उठा था। विपक्ष की जोरदार घेराबंदी में घिरी राज्य सरकार ने आखिरकार नैक की कालावधि आगे बढ़ाने का आश्वासन देकर अपना पीछा छुड़ाया।

# तीन साल में मनपा ने लगाए साढ़े चार लाख मियावाकी पौधे

## जून तक और 5 लाख पौधे लगाने की योजना



**मुंबई:** बढ़ते सीमेंट कंक्रीट के रास्ते और गगन चुंबी इमारते और विकास के नाम पर काटे जा रहे पेड़ पौधों से पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है। मनपा ने इसी के चलते मियावाकी गार्डेन पर जोर दिया है। मियावाकी गार्डेन से हरियाली तो बन ही रही है पर्यावरण को फायदा मिल रहा है। मनपा ने अब तक 4.5 लाख मियावाकी वन लगा जा चुके हैं। मनपा के गार्डन सुपरिटेंडेंट जितेंद्र परदेशी ने बताया कि मुंबई में 5 लाख मियावाकी वन लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे जून तक पूरा कर लिया जाएगा। 26 जनवरी 2020 को वडाला के भक्ति पार्क से मियावाकी वन की शुरूआत हुई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इसकी शुरूआत की थी। तीन साल में मनपा ने साढ़े चार लाख मियावाकी पौधे लगाने में सफलता हासिल की है भक्ति पार्क में कुल 57 हजार पौधे लगे हैं। परदेशी ने बताया कि एम पूर्व वार्ड के अंतर्गत देवनार विलेज रोड गोवंडी पूर्व में स्थित दत्ताराम गणपत पाटील मनोरंजन मैदान में सीएसआर फंड से 3500 पौधे लगाए गए हैं। इसमें कुल 42 प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। इन पौधों में कदंब, बादाम करंज, सीता अशोक, शिरीष, रतन गुंज, समुद्री फूल, इमली, जामुन, आंवला, फणस, शहतूत, बेहड़ा, सावर, रीठा, बेल, सीताफल, रॉयल पॉम, कढ़ी पत्ता , अर्जुन, टेटू, दीकमाली काला कुड़ा, कुम्भी, शमी, सफेद खैर, फूल और औषधीय पौधे शामिल हैं। परदेशी ने बताया कि अनुसार मियावाकी पद्धति से तैयार होने वाले वन बहुत घने होते हैं। इसमें वृक्षों को बहुत नजदीक लगाया जाता है। जिससे वे तेजी से बढ़ते हैं। मियावाकी वन में 47 प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। जिसमें फल-फूल के साथ वनस्पति औषधि के गुण वाले वृक्ष शामिल हैं।

# ब्यूटी के बहुत काम आएंगी घर में नजरअंदाज की जाने वाली ये चीजें



हर लड़की को ब्यूटी से जुड़ी कोई न कोई समस्या जरूर होती है। किसी एक समस्या को दूर करने के लिए वे इतनी परेशान होती है कि बाजार से ढेरों तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स खरीद लाती है। बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारी रसोई घर में बहुत सी ऐसी चीजें हैं, जिनसे हम ढेरों तरह की सौंदर्य से जुड़ी दिक्कतों को आसानी से दूर कर सकते हैं। जिसके लिए अलग से पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ते और किसी भी तरह का साइड इफैक्ट होने का डर भी नहीं रहता। आइए जानें आसानी से घर में मिलने वाली कौन सी चीजें हैं, जिसे आप नजरअंदाज कर रहे हैं।

**1. टूथपेस्ट**

हर कोई सुबह सबसे पहले लोग दांत साफ करने के लिए टूथपेस्ट का ही इस्तेमाल करते हैं लेकिन यह इसके अलावा भी और बहुत से काम आ सकता है। चेहरे पर मुंहासे हो गए हैं तो थोडा सा टूथपेस्ट लगा लें। यह पिंपल्स को खत्म कर देगा। इसके अलावा कांच का टेबल और दरवाजे साफ करने में भी ये बेहद कारगर है।

**2. बासी लार**

बासी लार किसी दवाई से कम नहीं है। सुबह उठते ही मुंह में आने वाली पहली लार को पिंपल्स पर लगा लें। इससे ये एक ही दिन में गायब हो जाएंगे और किसी भी तरह का कोई निशान भी नहीं पड़ेगा।

**3. बेकिंग सोडा और नींबू**

किचन में खाने के लिए इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोडा दांतों का पीलापन दूर करने में मददगार है। थोड़ा-सा बेकिंग सोडा लेकर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इस पेस्ट से दांतों को साफ करें। इस बात का खास ध्यान रखें कि इसे हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इस्तेमाल करें और 30 सैकेंड से ज्यादा दांत साफ न करें।

**4. प्याज**

प्याज का रस बालों के लिए बेहद कारगर है। इससे बाल झड़ने का परेशानी से छुटकारा मिलता है। आप भी झड़ते बालों से टेंशन में रहते हैं तो इसके रस को निकाल कर बालों की जड़ों में लगाएं। फायदा मिलेगा।

**5. क्रोसिन की गोली**

जरा सा बुखार होने पर लोग क्रोसिन की गोली खाना सही समझते हैं लेकिन यह बालों में होने वाली रूसी को खत्म करने में भी बेहद कारगर है। इसमें पाया जाने वाला सिलीसिलिक एसिड बालों से डैंड्रफ को पूरी तरह से हटा देता है। उसकी एक गोली को पीसकर अपने शैंपू में डालकर इससे बाल धोएं। इस बात का ध्यान रखें कि इसे 5 मिनट से ज्यादा अपने बालों पर लगा न रहने दें। इससे डैंड्रफ से छुटकारा मिलेगा। इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार ही करें। किसी तरह की इंफैक्शन होने पर इसका इस्तेमाव तुरंत बंद कर दें।

# करीना की तरह Cheek bones पाने के लिए ट्राई करें ये 3 तीन स्टेप



करीना कपूर के परफेक्ट मेकअप का हर कोई दिवाना है। रेड कारपेट हो, फैमिली फंक्शन या एयरपोर्ट लुक वह हर समय बेहद खूबसूरत लगती हैं। परफैक्ट चीक बोन्स उनकी सुंदरता को और बढ़ा देते है। इस तरह की चीक बोन्स पर मेकअप और भी अच्छे से उभर कर आता है। आजकल हर लड़की करीना की तरह ही चीक बोन्स पाना चाहती है ताकि वह भी परफैक्ट लगें। आज हम आपको करीना की तरह डिफाईन शेप वाले चीक बोन्स बनाने के तीन आसान टिप्स बताएंगें, जिन्हें अपनाकर आप अपनी खूबसूरती पर चार चांद लगा सकती हैं। तो आइए जानते है करीना की तरह क्यूट चीक बोन्स पाने के आसान स्टेप।

सामान-
ब्रॉन्जर के लिए स्कीन टोन क्रीम या पाउडर
शिमरी ब्लश
हाइलाइटर

**स्टेप 1**

सबसे पहले चीक्स को अंदर की तरफ सिकोड़ लें। अब एक एंगुलर ब्रश से गालों पर ब्रॉन्जर लगाएं। ब्रॉन्जर को हेयरलाइन की तरफ ले जाकर ब्लेंड करें। अगर आपका माथा चौड़ा है तो आप ब्रॉन्जर को वहां पर भी अप्लाई करें।

**स्टेप 2**

दूसरे स्टेप में अपनी चीक बोन्स को हाईलाइट करें। ऐसा करने से मेकअप उभर कर आएगा और आप पहले से ज्यादा खूबसूरत लगेंगी।

**स्टेप 3**

इसके बाद अपने एप्पल ऑफ चीक्स में शिमरी ब्लश लगाएं। इससे गाल खूबसूरत लगने के साथ ही नैचुरल भी लगेंगे।




बालों का झड़ना, रूखापन, असमय सफेदी, रूसी और न जाने कौन-कौन सी समस्याएं आजकल आम सुनने को मिलती हैं। इन सबके पीछे का कारण बालों की सही तरह से देखभाल न करना, मंहगे लेकिन कैमिक्ल युक्त प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल, बालों पर किए जाने वाले जरूरत से ज्यादा एक्सपेरिमेंट, खान-पान में गड़बड़ी, प्रदूषण के अलावा और भी बहुत से कारण हैं। जिससे लड़कियां तो क्या लड़के भी परेशान रहते हैं लेकिन बालों से जुड़ी हर समस्या के लिए वरदान है एलोविरा। यह एक औषधिय पौधा है, जिसे ग्वारपाठा, धृतकुमारी आदि और भी बहुत से नामों से जाना जाता है। इसका इस्तेमाल प्राचीन काल से ही औषधि के रूप में किया जाता रहा है। एलोविरा जैल में 20 मिनरल्स, 12 विटामिन्स, 18 अमीनो एसिड्स और 200 प्रकार के न्यूट्रियन्ट्स पाएं जाते हैं। लोग इसका इस्तेमाल सेहत से जुड़ी बहुत सी समस्याओं के लिए करते हैं। इसके साथ ही ब्यूटी से जुड़ा कोई भी हर्बल प्रॉडक्ट हो इसके बिना नहीं बनता। इसी कारण इसे चमत्कारी औषधि भी कहा जाता है।

**बालों के लिए एलोविरा के फायदें**

इस पौधे से बालों की हर छोटी से बड़ी समस्या दूर हो जाती है। बाल छड गए हैं तो एलोविरा जैल को नियमित रूप से बालो में लगाते रहने से नए बाल उगने लगते हैं। आइए जानें कौन-कौन से हैं इसके फायदे।

**बालों का झड़ना बंद**

रोजाना कंघी करते समय थोड़े से बाल झड़ना आम बात है लेकिन बाल टूट कर ज्यादा गिर रहे हैं तो तुरंत एलोविरा का इस्तेमाल करना शुरू कर दें। अपने शैंपू में दोगुनी मात्रा में एलोविरा का ताजा जैल मिलाकर बाल धोएं। इससे बालों को विटामिन और मिनरल्स समेत पूरा पोषण मिलेगा और यह मजबूत होने शुरू हो जाएंगे।

**घने और चमकदार बाल**

घने और चमकदार बालों की चाहत रखते हैं तो एलोविरा आपके लिए बैस्ट है। इसके लिए एलोविरा जैल, थोड़ा सा नारियल का तेल, दूध और शैंपू को अच्छे से मिला लें। हफ्ते में दो बार इस शैंपू से बाल धोएं। कुछ ही दिनों में बालों में चमक आनी शुरू हो जाएगी।

**चिपचिपाहट करें दूर**

बाल धोने के बाद भी चिपचिपे नजर आते हैं तो एलोविरा जैल बिना रूखेपन के आपकी ये परेशानी दूर कर देगा। ताजे एलोविरा जैल को पत्ते से निकाल पर मिक्सी में पीस लें। अब इसे बालों की जड़ें में तेल की तरह आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद शैंपू से बाल धोएं।

रूसी से छुटकारा

रूसी बाल झड़ने का सबसे बड़ा कारण है। एंटी डैड्रफ शैंपू कुछ समय के लिए तो बालों से रूसी को राहत दिला देते हैं लेकिन इस्तेमाल करने के बाद दोबारा फिर से यह परेशानी होनी शुरू हो जाती है। ऐसे में एलोविरा रूसी को पूरी तरह खत्म कर सकता है। एलोविरा के जूस में थोड़ा-सा नींबू का रस और ऑलिव ऑयल मिलाकर बालों पर लगाए और 15-30 मिनट बाद धो लें।

**हेयर ग्रोथ के लिए**

एक कप एलोविरा जैल में 2 चम्मच मेथी का पाउडर, 1 चम्मच कैस्टर ऑयल डाल कर मिक्स कर लें। इसे बालों पर मास्क की तरह लगाएं और 1 घंटे बाद बाल धो लें और हफ्ते में 2 बार इसका इस्तेमाल करें।

प्याज और एलोविरा


एलोविरा जैल और प्याज को बराबर मात्रा में मिला कर बालों की जड़ों में लगाएं। एक घंटे तक बालों में लगा रहने के बाद शैंपू से धो लें।

**शहद और एलोविरा**

बालों में किसी भी तरह की इंफैक्शन है तो एलोविरा जैल में शहद मिलाकर बालों की जड़ों में लगाएं। इसे आधा घंटा लगा रहने के बाद धो लें। इससे बहुत फायदा मिलेगा।



# महज इसलिए रेप का आरोप नहीं लगाया जा सकता कि संबंध शादी तक नहीं पहुंचा : बॉम्बे हाई कोर्ट



**मुंबई:** बम्बई उच्च न्यायालय ने कहा है कि दो वयस्कों के बीच संबंध में खटास पैदा हो जाने या शादी में परिणत न होने मात्र से से उनमें से एक बाद में बलात्कार का आरोप नहीं लगा सकता. न्यायमूर्ति भारती डांगरे ने 24 मार्च को दिये अपने फैसले में बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया. गौरतलब है कि एक महिला ने उस व्यक्ति के खिलाफ उपनगरीय वसोर्वा थाने में 2016 में बलात्कार का मामला दर्ज किया था. इस मामले में फैसले की प्रति इस सप्ताह उपलब्ध हो पाई थी. अदालत ने कहा है, ह्यह्यदो वयस्क एक साथ आते हैं और उनमें रिश्ते बनते हैं, ऐसी स्थिति में किसी को महज इसलिए कृत्य (बलात्कार) का दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि किसी समय दोनों के संबंध ठीक नहीं चले या किसी कारण से यह शादी में परिणत नहीं हो सका.ह्लह्ल महिला (26) ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि वह सोशल मीडिया के जरिये उस व्यक्ति से मिली थी और उसने शादी का झूठा वादा करके उससे शारीरिक संबंध बनाये. बाद में उस व्यक्ति ने बेगुनाही की दलील देते हुए मामले में आरोपमुक्त किये जाने के लिए अदालत का रुख किया. न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार करते हुए इस बात का संज्ञान लिया कि दोनों आठ साल से संबंध में थे. न्यायमूर्ति डांगरे ने कहा कि केवल इसलिए कि रिश्तों में खटास आ गयी थी, यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि हर मौके पर शारीरिक संबंध उनकी इच्छा के विरुद्ध बनाया गया था. फैसले में कहा गया कि शिकायतकर्ता के खुद के बयान के अनुसार, उसने न केवल शादी के लिए शारीरिक संबंध बनाने की सहमति दी, बल्कि इसलिए भी सहमति दी, क्योंकि वह (शिकायतकर्ता) उस व्यक्ति से प्यार करती थी.

# महंगाई बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था फिर लड़खड़ाने की संभावना...

**मुंबई :** केंद्र सरकार भले ही विकास का ढोल पीट रही हो लेकिन इस ढोल की पूरी पोल विश्व बैंक ने खोल दी है। पिछले कुछ वर्षों से सुस्ती के दौर से गुजर रही हिंदुस्थान की अर्थव्यवस्था फिर लड़खड़ाने की संभावना है। देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर ६.३ प्रतिशत पर आ सकती है, जो पिछली अनुमानित दर ६.६ फीसदी से कम है। यह निष्कर्ष कल जारी की गई विश्व बैंक की रिपोर्ट में निकाला गया है। इसके अलावा तेल उत्पादक एवं निर्यातक देशों (ओपेक) द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में अचानक कटौती करने का असर भी भारतीय बाजार पर पड़ेगा। ईंधन की दरें प्रभावित होने से महंगाई और रुलाएगी।




विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंदुस्थान की जीडीपी वृद्धि २०२३-२४ में खपत में कमी आने की वजह से धीमी पड़कर ६.३ फीसदी पर आ सकती है, जो पहले के ६.६ फीसदी के अनुमान से कम है। खपत में धीमी बढ़ोतरी होने और चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों की वजह से वृद्धि बाधित हो सकती है। आय में धीमी वृद्धि और कर्ज के महंगा होने का असर निजी उपभोग की वृद्धि पर पड़ेगा। चालू खाता घाटा २०२३-२४ में कम होकर २.१ फीसदी पर आ सकता है, जो तीन फीसदी था। मुद्रास्फीति के बारे में अनुमान जताया गया है कि यह ६.६ फीसदी से घटकर ५.२ फीसदी पर ऊ१०० डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं कच्चे तेल की कीमतें

विशेषज्ञों के अनुसार तेल उत्पादक व निर्यातक देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में अचानक कटौती करने से तेल बाजार में खलबली मच गई है। विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल की तगड़ी मांग के बीच यदि उत्पादन में कटौती जारी रही तो इस साल के अंत तक कीमतें बढ़कर १०० डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। आपूर्ति में रोजाना करीब ११.५ लाख बैरल की कमी काफी है। ा सकती है।

जानकारों के अनुसार कच्चे तेल की कमी मुद्रास्फीति, केंद्रीय बैंकों की नीतिगत सख्ती, वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और तेल की वैश्विक मांग पर जबरदस्त प्रभाव डालेगा। इक्विनॉमिक्स रिसर्च के संस्थापक व अनुसंधान प्रमुख जी. चोकालिंगम के अनुसार ओपेक देशों द्वारा उत्पादन में कटौती वैश्विक अर्थव्यवस्था और खासकर हिंदुस्थान के लिए झटका है। कटौती तब की जा रही है जब अल नीलो की आशंका से मॉनसून सामान्य रहने की संभावना कम दिख रही है। इधर कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती ने भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल के शेयरों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

# ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से किसान पूरी तरह तबाह!



**मुंबई :** मार्च में हुई ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से राज्य में एक लाख ९९ हजार ४८६ हेक्टेयर में लगी फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई है, इससे किसान पूरी तरह तबाह हो गए हैं। लेकिन शिंदे-फडणवीस सरकार ने अभी तक किसानों के लिए मदद की घोषणा नहीं की है।

राज्य में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसान बेहाल हैं। विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजे की मांग को लेकर महाविकास आघाड़ी के सदस्य बेहद आक्रामक थे। लोकतंत्र के विभिन्न माध्यमों से जैसे किसानों की मदद के लिए नारेबाजी, सभा का बहिष्कार आदि का प्रयोग किया गया लेकिन ह्यईडीह्ल सरकार ने घोषणा की थी कि जल्द ही पंचनामा पूरा कर मदद राशि की घोषणा की जाएगी। राहत एवं पुनर्वसन विभाग ने बताया कि अब एक लाख ९९ हजार ४८६ हेक्टेयर क्षेत्र का पंचनामा पूरा हो चुका है।


# मुंबईकरों को मिलनेवाली हैं दर्जनों सुविधाएं!



**मुंबई :** मुंबई मनपा और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे की महत्वाकांक्षी परियोजना कोस्टल रोड परियोजना का काम तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। अब तक लगभग ७२ प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना को इसी साल अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। मुंबईकरों को शायद ही पता होगा कि कोस्टल रोड परियोजना के साथ दर्जनों योजनाओं पर काम हो रहा है। कोस्टल रोड के साथ-साथ मुंबईकरों को दर्जनों सुविधाएं मिलनेवाली हैं। ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए १,८०० वाहनों की अंडरग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था, समुद्र किनारे सैर-सपाटे के लिए लंबा पट्टा, खेल मैदान, लाइब्रेरी सहित तमाम सुविधाएं लोगों को प्रदान की जाएंगी। मनपा की ओर से शुरू की गई इस सबसे प्रतिष्ठित परियोजना के पहले भाग में १०.५८ किलोमीटर लंबी सड़क समुद्र किनारे बनाई जाएगी। इसमें प्रिंसेस स्ट्रीट मरीन ड्राइव से बांद्रा-वर्ली सी-लिंक तक सड़क होगी। इस परियोजना में मरीन ड्राइव से प्रियदर्शनी तक जुड़वा सुरंग होगी। यह देश की पहली सुरंग है, जो समुद्र के १०० मीटर से अधिक नीचे से गुजर रही है। ये होंगी सुविधाएं

कोस्टल रोड परियोजना के मुख्य इंजीनियर एम.एम. स्वामी ने कहा कि इस परियोजना के एक बार पूरा हो जाने पर प्रियदर्शनी पार्क से वर्ली तक ७.५० किलोमीटर का सफर बिना रुके पूरा किया जा सकेगा। साथ ही यहां समुद्र किनारे लोग सैर-सपाटा कर सकेंगे। यहां लोगों के लिए बगीचे के साथ खुली जगह, एक साइकिल ट्रैक, जॉगिंग ट्रैक और मनोरंजन पार्क, लाइब्रेरी, मॉडर्न शौचालय और एक ओपन थिएटर की सुविधा होगी। यहां एक तितली पार्क भी होगा। हम कुल ७० हेक्टेयर भूमि में यह सब सुविधाएं विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरित स्थान प्रदूषण को कम करने और हवा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेगा। स्वामी ने बताया कि इस परियोजना में एक लेन आपातकालीन सेवा के लिए समर्पित होगी। वह लेन बस, एंबुलेंस और आपातकालीन अग्निशमन सेवाओं के लिए समर्पित होगी। इससे किसी भी समय सुरक्षा से जुड़े वाहनों को तत्काल गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। यहां कुल चार पार्किंग प्लॉट हैं, जिसमें अंडरग्राउंड पार्विंष्ठग की व्यवस्था होगी। १,८०० वाहनों को चारों प्लॉट्स में पार्क किया जा सकेगा। एक अमरसंस गार्डन, हाजी अली और वर्ली में दो लोकेशन पर अंडरग्राउंड पार्विंष्ठग बनाई जा रही है।

# रफ्तार का जानलेवा खेल खेलने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पहुंचे थे राइडर



**मुंबई :** वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर चलनेवाले वाहन चालकों एवं आस-पास के निवासियों के लिए वर्षों से सिरदर्द साबित हो रहे राइडरों के खिलाफ कल खेरवाड़ी पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। डीसीपी दीक्षित गेडाम के निर्देश एवं वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र मुलिक के मार्गदर्शन में खेरवाड़ी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में ४८ बाइकों पर आए ८२ राइडरों को पुलिस ने दबोचा है। बताया जा रहा है कि ये सभी राइडर सोशल नेटवर्विंष्ठग साइट इंस्टाग्राम पर आए एक मैसेज के बाद रफ्तार का जानलेवा खेल खेलने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पहुंचे थे।

बता दें कि वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर रफ्तार में बाइक चलाने और बाइक पर स्टंटबाजी करनेवाले बाइकरों की समस्या वर्षों पुरानी है। तेज रफ्तार बाइक पर स्टंटबाजी करते ये बाइकर अपनी जान से तो खेलते ही हैं, सड़क से गुजरने वाले दूसरे वाहन चालकों और राहगीरों की जान भी खतरे में डालते हैं। इन बाइकरों की मोडीफाई कराई गई बाइकों के साइलेंसर की तेज आवाज से आस-पास रहनेवाले लोगों की नींद में खलल पड़ती है। ऐसी शिकायतें हाईवे के आस-पास के पुलिस थानों में अक्सर आती रहती हैं।

बताया जाता है कि मुंबई व आस-पास क्षेत्र के राइडर पहले बांद्रा (प.)के रिक्लेमेशन स्थित सी-लिंक के पास जुटते हैं और सट्टा लगाकर वहां से रेस शुरू करते हैं। ये राइडर कलानगर होते हुए गोरेगांव तक जाते हैं। वहां रेस खत्म करने के बाद बाइक पर स्टंटबाजी करते हुए फिर सी-लिंक पर लौटते हैं। इन बाइकरों में ज्यादातर नशेड़ी होते हैं, ऐसा सूत्रों का दावा है।

# नहीं सुधर रहा पड़ोसी चीन, फिर की हरकत

- अरुणाचल की 11 जगहों के बदले नाम, 5 साल में तीसरी बार की ऐसी हरकत
- भारत ने भी दिया करारा जवाब, कहा– नाम बदलने से हकीकत नहीं बदल जाती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया



है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी। अरुणाचल की राजधानी ईटानगर के नजदीकी इलाके का नाम भी बदला दरअसल, चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी।

### कांग्रेस बोली-

### चीन की इस हरकत के लिए पीएम मोदी जिम्मेदार

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चीन के अरुणाचल की जगहों का नाम बदलने का जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ठहराया है। कांग्रेस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी ने जून 2020 में चीन को क्लीन चिट दे दी थी। अब हमें उसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। चीन की सेना देसपांग के मैदान में भारत के पैट्रोलिंग के अधिकारों को खारिज कर रही है। जबकि पहले इस इलाके में बिना रोक टोक भारत की पहुंच थी।

# सिक्किम में हिमस्खलन 7 टूरिस्ट की मौत

**गंगटोक (एजेंसी)।** सिक्किम की राजधानी गंगटोक में मंगलवार को एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इसमें 7 टूरिस्ट की मौत हो गई और 150 लोगों के बर्फ में फंसे होने की खबर है। मरने वालों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। यह घटना दोपहर करीब 12.20 बजे गंगटोक को नाथु ला दर्रे से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर हुई है। हादसे वाले इलाके में 13वें माइलस्टोन तक जाने का पास जारी किया जाता है। इसके आगे जाने की परमीशन नहीं होती। बताया जा रहा है कि सैलानी जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें माइलस्टोन तक चले गए और यहीं हादसा हो गया। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। 22 लोगों को बचाया गया है। इनमें से 6 को गहरी घाटी से निकाला गया। अब तक वैज्ञानिक ये भविष्यवाणी करने में सक्षम नहीं हैं कि हिमस्खलन कब और कहां होगा। वे बस बर्फ के ढेर, तापमान और हवा की कंडीशन से हिमस्खलन के खतरे का अनुमान लगा सकते हैं। बर्फ में स्कीइंग वाले कुछ इलाकों में एवलांच कंट्रोल टीमें तैनात होती हैं। कुछ स्कीइंग वाले इलाकों के गश्ती दल हिमस्खलन रोकने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल करते हैं।

- 150 लोगों के दबे होने की खबर; बीआरओ रेस्क्यू में जुटा



# टाटा को लगा देसी चाइनीज का चस्का, कैपिटल फूड्स को खरीदने के लिए आईटीसी,नेस्ले जैसी कंपनियों में मची होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बहुत कम ऐसा होता है जब किसी एक कंपनी को खरीदने के लिए दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां आमने-सामने आ जाती है। ऐसा ही कुछ कैपिटल फूड्स प्राइवेट कंपनियों की डील में दिख रहा है। चिंग्स सीक्रेट और स्मिथ एंड जोन्स ब्रांड्स के तहत कॉन्डीमेंट्स फूड प्रॉडक्ट्स बनाने वाली कंपनी कैपिटल फूड्स बिकने जा रही है। इस कंपनी को खरीदने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों में होड़ मची है। टाटा , नेस्ले, हिन्दुस्तान यूनिलीवर , क्रॉफ्ट हाइंज, आईटीसी, ओरक्ला और निसिन फूड्स जैसी बड़ी कंपनियों में होड़ मच गई है।

इकोनॉमिक्स टाइम्स की खबर के मुताबिक कैपिटल फूड्स को खरीदने के लिए बड़ी कंपनियों में जबरदस्त होड़ मची है। कैपिटल फूड्स के तीन शेयरहोल्डर्स यूरोपियन फैमिली ऑफिस एंड इनवेस्टमेंट इनवस, अमेरिकी प्राइवेट इक्विटी ग्रुप जनरल एटलांटिक और कंपनी के चेयरमैन अजय गुप्ता की हिस्सेदारी है। तीनों की हिस्सेदारी क्रमश 40 प्रतिशत, 35 प्रतिशत और 25 फीसदी है।




### कैपिटल फूड्स के लिए बड़ी टक्कर

कैपिटल फूड्स को खरीदने के लिए दुनिया की बड़ी कंपनियां आमने–सामने हैं। नेस्ले, टाटा समूह, आईसीटी, एचयूएल, जापान की बड़ी नूडल्स कंपनी निसिन, नार्वे की कंपनी ओरक्ला और दुनिया की बड़ी फूड और बवरेजेज कंपनी हाइंड के बीच सीधी टक्कर हो रही है। कंपनी चिंग्स सीक्रेट इंस्टेंट चाइनीज नूडल्स, सूप, मसालें, पेस्ट, फ्रोजन प्रोडक्ट, फूड पेस्ट, सॉस जैसे प्रोडक्ट्स बेचती है। कैपिटल फूड्स जो आपको घर पर चाइनीज फूड बनाने के लिए सीक्रेट मसाले और सॉस उपलब्ध करवाती है, उसके लिए दिग्गज कंपनियों में भिड़त होने वाली है। माना जा रहा है कि मई 2023 में नॉन बिड्स शुरु हो सकती है।

### 1995 में हुई थी शुरू

इस कंपनी की शुरुआत साल 1995 में अजय गुप्ता ने की थी। कुछ ही वक्त में कंपनी ने मार्केट में अपनी पैठ बना ली। अजय ने देसी चाइनीज सेगमेंट और इटैलियन फूड्स सेगमेंट की शुरुआत की थी। फिर अचानक से बीते साल कंपनी को बेचने की खबर आई। सबसे पहले 14 नवंबर को सबसे पहले ये खबर सामने आई की कंपनी बिकने जा रही है। जिसके बाद कई राउंड्स की मीटिंग हुई। कई कंपनियों के साथ शुरुआती दौर की बैठक हो चुकी है। अब टाटा समेत दुनियाभर की बड़ी कंपनियों के बीच इसे खरीदने के लिए कंप्टीशन शुरु हो गया है।




# ब्लू बिकिनी में मृणाल ने दिखाया अब तक का सबसे बोल्ड अंदाज, इस कारण इंटरनेट पर मचा बवाल



टीवी की दुनिया से निकलकर मृणाल ठाकुर ने बॉलीवुड में अपने कदम जमाए। दुलकर सलमान से लेकर शाहिद कपूर और अक्षय कुमार तक कई सितारों संग एक्ट्रेस ने काम किया। मृणाल ठाकुर बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेज में शुमार हैं, जो अपने दिल की बात बोलने से बिल्कुल भी नहीं कतराती हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में वह अपनी एक तस्वीर को लेकर चर्चा में आई थीं, जिसके बाद ये अंदाजा लगाया जा रहा था कि सीता रामम' एक्ट्रेस डिप्रेशन से जूझ रही हैं। इन सब खबरों के बीच अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी एक बेहद ही बोल्ड तस्वीर शेयर की है, जिसे देखकर उनके फैंस निराशा हो गए हैं। सोशल मीडिया पर कई लोग तो उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

मृणाल ठाकुर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वेकेशन की कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में वह बीच पर एन्जॉय करते हुए नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर ने तस्वीरों में ब्लू रंग की बिकिनी पहनी हुई हैं, जिसमें एक्ट्रेस का बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। गीले बालों के साथ मृणाल बेहद ही हॉट लग रही हैं। इसके अलावा उन्होंने मस्ती करते हुए कई अन्य तस्वीरें भी शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर स्क्रीन पर हमेशा सिम्पल किरदार में नजर आई हैं। उनकी फिल्म 'सीता रामम' में सीता के किरदार के लिए उन्हें खूब प्यार मिला था, ऐसे में जब मृणाल ने बिकिनी पहनकर पोस्ट शेयर की, तो वह तुरंत ही लोगों के टारगेट पर आ गई। मृणाल ठाकुर की ये तस्वीरें वायरल होने के बाद इंटरनेट पर बवाल मच गया है। नेटिजसं एक्ट्रेस को उनके हॉट एंड बोल्ड लुक के लिए काफी खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक यूजर ने उनकी पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'मैंने तो सीता को फॉलो किया था'।

# साउथ में 10 फिल्में करने के बाद हिंदी सिनेमा में किया डेब्यू, इन 10 फिल्मों से बनायी पहचान



साल 2013 में कॉमेडी फिल्मों के किंग डेविड धवन ने 1981 की फिल्म चश्मे बद्दूर को रीमेक किया था, जो 5 अप्रैल को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की लीड स्टार कास्ट में अली जफर और दिव्येंदु शर्मा के साथ तापसी पन्नू शामिल थीं। चश्मे बद्दूर की रिलीज से पहले तापसी 10 साउथ फिल्मों में काम कर चुकी थीं। तापसी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक दशक पूरा कर लिया है। इन 10 सालों में तापसी ने अपनी फिल्मों से एक जिम्मेदार और प्रतिभाशाली अभिनेत्री की छवि बनायी है।

# छोटी-सी उम्र में करोड़ों की मालकिन हैं रश्मिका



**अल्लू** अर्जुन संग पुष्पाः द राइज में नजर आईं रश्मिका मंदाना पैन इंडिया स्टार हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सेंसेशन रश्मिका बुधवार को अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। 5 अप्रैल 1996 में जन्मी रश्मिका मंदाना छोटी-सी उम्र में एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। यहां तक कि संपत्ति के मामले में भी एक्ट्रेस करोड़ों की मालकिन हैं। रश्मिका ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत साल 2016 में आई फिल्म क्रिक पार्टी से की थी, जो कन्नड़ की सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म साबित हुई थी यानी रश्मिका के करियर का आगाज ही शानदार रहा। पुष्पाछ द राइज में श्रीवल्ली बन रश्मिका मंदाना अब देश के कोने-कोने से प्यार पा रही हैं। इतना ही नहीं नेशनल क्रश का टाइटल भी रश्मिका के खाते में है। आइए जानते हैं प्रॉपर्टी के मामले में एक्ट्रेस अब तक अपनी मेहनत से कितनी संपत्ति खड़ी कर चुकी हैं। रश्मिका मंदाना उन एक्ट्रेस की लिस्ट में आती हैं, जो पूरे साल अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर बिजी रहती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस की सलाना इनकम भी तगड़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रश्मिका एक फिल्म के लिए 4 करोड़ के करीब फीस वसूल करती हैं। एक्ट्रेस साल भर में 8 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर लेती हैं। फिल्मों के अलावा रश्मिका कई सारे एंडोर्समेंट और ब्रांड प्रमोशन भी करती हैं।

रश्मिका मंदाना की नेट वर्थ की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री लगभग 65 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। एक्ट्रेस जितना कमाती हैं, उसका कुछ धर्म-कर्म के कामों में भी लगाती हैं। रश्मिका अपनी कमाई का कुछ हिस्सा चैरिटी में देना पसंद करती हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com